हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

**(तिथि 11 दिसंबर 2025, समय 18:10 (10 मिनट)**

मुख्य समाचार :-

1. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोनीपत में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के दूसरे संस्करण की शुरुआत की।

2. मुख्यमंत्री ने सोनीपत में आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग के 509 लाभार्थिओं को फ्लैट आवंटित किये। सोनीपत ज़िले का आधिकारिक प्रतीक चिन्ह भी जारी किया।

3. वोट चोरी को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। लोगों को गुमराह किया जा रहा है।

4. इंडिगो ने 3, 4 और 5 तारीख को प्रभावित होने वाले यात्रियों को दस हज़ार रुपये मुआवज़ा देने की घोषणा की।

5. रेलवे ने इंडिगो की उड़ानें रद्द होने से प्रभावित हुए यात्रियों के लिए चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर विशेष काउंटर स्थापित किया। शताब्दी एक्सप्रेस में कल तक के लिए अतिरिक्त विशेष डिब्बे लगाए गए।

*******************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज सोनीपत के सुभाष स्टेडियम में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के दूसरे संस्करण की शुरुआत की । इस अवसर पर उन्होंने करते राज्य स्तरीय अंत्योदय उत्थान मेले का उद्घाटन करते हुए कहा

मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना के पहले चरण में कुल 166 स्थानों पर अंत्योदय मेलों का आयोजन किया गया था। अंत्योदय मेला केवल योजनाओं की जानकारी देने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह विकास, सहभागिता और उत्साह का संगम है।

उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से यह योजना शुरू की गई है, जिससे जरूरतमंद परिवारों को लाभ मिल रहा है। यह योजना गरीब परिवारों को समान अवसर, कौशल विकास, रोजगार, सम्मान और जीवन स्तर में सुधार देने के लिए एक समग्र पहल के साथ सामूहिक संकल्प है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव और बिना किसी देरी के पहुंचे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना परिवारों की क्षमता विकसित करने पर बल देती है। इस योजना के तहत उन्हें ऋण और प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि वे स्वयं अपने पैरों पर खड़े हो सकें। यह योजना हर क्षेत्र में, चाहे वह रोजगार सृजन हो, स्वरोजगार के अवसर हों, शिक्षा हो, स्वास्थ्य, अंत्योदय परिवारों के जीवन को नई दिशा देती है। मेले को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी व सहकारिता मंत्री अरविन्द शर्मा और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल कौशिक ने भी संबोधित किया।

आज इस मेले में पेंशन, बीपीएल सेवाएं, राशन कार्ड, स्वरोजगार ऋण, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण, कृषि, पशुपालन सहित दर्जनों विभागों की सेवाएं मौके पर उपलब्ध करवाई गई। साथ ही पात्र लाभार्थियों की समस्या का समाधान करके उन्हें तुरंत लाभ प्रदान किया गया ।

*************************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के दूसरे संस्करण की शुरुआत के मौके पर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आवास योजना के तहत सोनीपत जिले के 509 लाभार्थियों को फ्लैटों का आवंटन किया व 20 लोगों को मौके पर ही चाबी भी सौंपी। इनमें 16 घुमंतू जाति के व्यक्ति , 79 विधवा महिलाएं, 186 अनुसूचित जाति, 208 परिवार शामिल हैं। इसके साथ ही 127 आवेदकों की प्रतिक्षा सूची भी जारी की गई।

श्री नायब सिंह सैनी ने सोनीपत जिला का अधिकारिक प्रतीक चिन्ह् भी जारी किया। यह लोगो शिक्षा विभाग के एपीसी रूपेन्द्र पूनिया के नेतृत्व में राजकीय स्कूलों के 20 बच्चों द्वारा तैयार किया गया है। इस लोगो में सोनीपत जिला के महाभारतकालीन इतिहास से लेकर खिलाड़ियों, मशरूम, गेहूं, चावल उत्पादन, ऑटो मोबाईल क्षेत्र, शिक्षण संस्थान व खेल विश्वविद्यालय, एशिया की सबसे बड़ी गन्नौर सब्जी मंडी, एनएच-44 व मुरथल के प्रसिद्ध ढाबे और सोनीपत से गुजरती पवित्र यमुना नदी का संगम है।

*************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वोट चोरी को लेकर कहा कि विपक्ष के पास मुद्दा नहीं है। विपक्ष केवल दुष्प्रचार करता है और देश को गुमराह करने का काम करता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद मीडिया के प्रश्नों के उत्तर दे रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब व्यक्ति का विकास हुआ है। मुलाकात को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा –

मुख्यमंत्री ने बताया कि 24 दिसंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित हरियाणा में पुलिस के 5,000 नवनियुक्त जवानों की पासिंग आउट परेड में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

*************************************************************************

इंडिगो ने उन यात्रियों को 10 हज़ार रुपये का मुआवज़ा देने की घोषणा की है, जो इस

महीने की 3, 4 और 5 तारीख को एयरलाइन की उड़ाने रद्द होने की वजह से प्रभावित हुए थे।

इंडिगो ने कहा कि यह मुआवजा ट्रैवल वाउचर के रूप में दिया जाएगा, जिसका इस्तेमाल अगले 12 महीनों में किसी भी भविष्य की इंडिगो यात्रा के लिए किया जा सकता है। एयरलाइन ने कहा कि सरकारी दिशा निर्देश के तहत तय मुआवज़े के अलावा, इंडिगो उन यात्रियों को भी 5 हज़ार से 10 हज़ार रुपये देगी, जिनकी फ्लाइट्स जाने के 24 घंटे के अंदर रद्द हो गई थीं, यह मुआवजा फ्लाइट के ब्लॉक समय पर निर्भर करेगा।

***********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज गुरुग्राम में गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस से संबंधित एक कार्यक्रम में शिरकत की और संगत को संबोधित करते हुए गुरु तेग बहादुर जी को नमन किया। इस अवसर पर श्री नायाब सिंह सैनी ने कहा-

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर मानव अधिकारों के प्रथम नायक हैं।

इस अवसर पर श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन पर नाटक प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में भारत के प्रख्यात अभिनेता अनुपम खेर भी शामिल हुए।

***********************************************************************

इंडिगो फ्लाइट्स के प्रभावित होने के बाद यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे सक्रिय हो गया है। चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर एक विशेष काउंटर स्थापित किया गया है। यह हेल्प डेस्क एयरपोर्ट अथॉरिटी के सहयोग से बनाया गया है। चंडीगढ़ शताब्दी एक्सप्रेस में 12 दिसंबर तक अतिरिक्त स्पेशल कोच भी लगाए गए हैं। अंबाला रेल मंडल के वरिष्ठ वाणिज्यिक प्रबंधक नवीन कुमार ने बताया-

***********************************************************************

जींद सहकारी चीनी मिल में गन्ना पिराई सत्र 2025-26 का शुभारम्भ किया गया। हर वर्ष की परंपरा के अनुसार इस बार भी पिराई सत्र की शुरुआत धार्मिक अनुष्ठान के साथ हुई, जिसमें मिल प्रबंधन, अधिकारी, कर्मचारी एवं क्षेत्र के किसानों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा सरकार के सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविन्द शर्मा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे ।

***********************************************************************